सवाल

निजी अस्पताल में सक्रिय भूमिका निभाने और पत्रकार से अभद्र व्यवहार के आरोपों को लेकर शिकायतें प्रशासन तक पहुंचीं

कार्यवाही से पहले ही सरकारी डॉक्टर ने दिया इस्तीफा

नवभारत, बालाघाट। जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. शुभम लिल्हारे का इस्तीफा ऐसे समय सामने आया है, जब उन पर सरकारी सेवा के नियमों के उल्लंघन, निजी अस्पताल में सक्रिय भूमिका निभाने और पत्रकार से अभद्र व्यवहार के आरोपों को लेकर शिकायतें प्रशासन तक पहुंची हैं। इस्तीफे को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कार्रवाई की आहट मिलते ही सरकारी सेवा छोडऩे का फैसला क्यों लिया गया? विवाद की शुरुआत तब हुई, जब ट्रायपॉड हॉस्पिटल की ओर से एक मरीज की सफल सर्जरी का प्रेस नोट जारी किया गया। इस प्रेस नोट के लेटरहेड में डॉ. शुभम लिल्हारे का नाम अस्पताल के डायरेक्टर के रूप में अंकित था। आरोप है कि सरकारी चिकित्सक होने के बावजूद स्वयं को निजी अस्पताल का डायरेक्टर बताना और वहां मरीजों का उपचार करना सेवा नियमों के विपरीत है।

इसी मामले में परसवाड़ा के पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने डॉ. शुभम लिल्हारे से फोन पर उनका पक्ष जानना चाहा। आरोप है कि कुछ देर बातचीत के बाद डॉ. शुभम ने फोन अपने पिता एवं ट्रायपॉड हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. अशोक लिल्हारे को थमा दिया। पत्रकार का आरोप है कि सवालों का जवाब देने के बजाय डॉ. अशोक लिल्हारे ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, अभद्र व्यवहार किया और पत्रकार को ही अपमानित करने का प्रयास किया। इस पूरी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी गई। घटना के बाद जिले के पत्रकार एकजुट हुए और ऑडियो रिकॉर्डिंग की पेन ड्राइव के साथ कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को शिकायत सौंपकर जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की। पत्रकारों का कहना है कि यदि कोई सरकारी डॉक्टर निजी अस्पताल में डायरेक्टर के रूप में कार्य करता है तो यह गंभीर सेवा नियम उल्लंघन का मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

इसी बीच डॉ. शुभम लिल्हारे ने अपनी सरकारी सेवा से इस्तीफे का प्रस्ताव सीएमएचओ कार्यालय में जमा कर दिया। इससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह इस्तीफा संभावित विभागीय कार्रवाई से बचने की रणनीति है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने पुष्टि करते हुए कहा कि डॉ. शुभम लिल्हारे का इस्तीफा कार्यालय में प्राप्त हुआ है, लेकिन अभी उसे स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्तीफा स्वीकार करने का अधिकार भोपाल स्तर पर है और प्रस्ताव वहां भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकारों द्वारा की गई शिकायत की जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने समाचार के संबंध में जानकारी लेने के लिए डॉ. शुभम लिल्हारे को फोन किया था, लेकिन जवाब देने के बजाय उन्हें उनके पिता से बात कराई गई, जिन्होंने अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सक का निजी अस्पताल में स्वयं को डायरेक्टर बताना गंभीर नियम विरुद्ध कृत्य है और इसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होना चाहिए।

प्राईवेट अस्पताल में डॉ. शुभम ने की सर्जरी

वहीं मरीज देवेंद्र यादव ने बताया कि एयरगन साफ करते समय छर्रा लगने के बाद उन्हें ट्रायपॉड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ. शुभम लिल्हारे ने उनका उपचार किया। हालांकि आरोप यह भी है कि गम्भीर घायल को पहले जिला चिकित्सालय ले जाया गया, बाद में वहां से दूसरे अस्पताल ले जाया गया।

दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान

बालाघाट सहित विभिन्न क्षेत्रों की डेयरियों से लिए गए 17 नमूने, स्वच्छता एवं लाइसेंस की भी हुई जांच

नवभारत, बालाघाट। खाद्य सुरक्षा प्रशासन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में इस सप्ताह दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की विशेष निगरानी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट द्वारा चिलिंग प्लांट, मिल्क कलेक्शन सेंटर, डेयरियों तथा दूध विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं लाइसेंस की जांच की जा रही है।

अभियान के दौरान ग्राम नेवरगांवकला स्थित यशोदा एग्रीकल्चर प्लांट का निरीक्षण कर विभिन्न कंटेनरों से मिश्रित दूध के 6 नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं ग्राम हट्टा स्थित कृष्णा डेरी से मिश्रित दूध के 3 नमूने एकत्रित किए गए तथा परिसर की स्वच्छता एवं खाद्य लाइसेंस का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार ग्राम धड़ी स्थित दूध एवं पनीर विक्रेता के प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध एवं पनीर के 2 नमूने लिए गए। गर्रा, बालाघाट स्थित तुमसरे डेरी से गाय के दूध का नमूना लेकर परिसर का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

वारासिवनी स्थित जैन डेरी एवं सातपुड़े डेरी से गाय के दूध एवं मिश्रित दूध के 2 नमूने लिए गए। वहीं कोस्ते-सिकंदरा स्थित दिनसा डेरी से गाय के दूध एवं मिश्रित दूध के 3 नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए तथा संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान डेयरियों एवं दूध विक्रेताओं के खाद्य लाइसेंस, प्रतिष्ठानों की स्वच्छता तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं गीता टांडेकर उपस्थित रहे।

एक नजर में

सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए 24 को वारासिवनी में विशेष प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

बालाघाट। राष्ट्रीय कौशल विकास योजना एवं भारत सरकार के पसारा अधिनियम 2005 के अंतर्गत कपस्टन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा बालाघाट जिले में सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए विशेष प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 24 जुलाई को जनपद पंचायत वारासिवनी में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में महिला एवं पुरुष दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। भर्ती अभियान के तहत 500 सुरक्षा जवान एवं 100 सिक्योरिटी सुपरवाइजर सहित कुल 600 पदों पर चयन किया जाएगा। जनपद पंचायत वारासिवनी में आयोजित इस शिविर में सभी जनपद पंचायतों के युवा शामिल हो सकते हैं। भर्ती शिविर प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

ग्रामीणों से झाड़-फूंक के बजाय चिकित्सकीय उपचार लेने की अपील

बालाघाट। बालाघाट जिले की बिरसा तहसील की ग्राम पंचायत अडोरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुंडेकसा एवं बोंदारी में बच्चों के बीच बीमारी फैलने की सूचना के बाद कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपचार शुरू कर दिया है। विभाग की टीम घर-घर जाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर रही है। गुरुवार 23 जुलाई को बैहर के एसडीएम श्री श्रीश कुमार प्यासी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव ने ग्राम कुंडेकसा एवं बोंदारी का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की तथा बुखार से पीड़ित लोगों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराकर उनका उपचार प्रारंभ किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव ने बताया कि गांव में कुछ लोग बुखार से पीड़ित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रत्येक घर पहुंचकर सभी लोगों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं खंड चिकित्सा अधिकारी की टीम पिछले तीन दिनों से लगातार दोनों गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है।

राष्ट्रभक्ति और बलिदान के प्रतीक चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर किया नमन

नवभारत, बालाघाट। हनुमान चौक पर सर्व ब्राह्मण समाज के सम्मानित सदस्यों ने एकत्रित होकर महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया।

आजाद का जीवन केवल संघर्ष की गाथा नहीं था, बल्कि उनके विचार और उपदेश आज भी देश के युवाओं के लिए एक मार्गदर्शिका हैं। उनका प्रसिद्ध कथन— 'मैं ऐसे धर्म को मानता हूँ जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को सिखाता है '—हमें समाज में एकजुटता और राष्ट्रप्रेम के साथ आगे बढ़ने की सीख देता है।

आज के इस अवसर पर समाज के सभी गणमान्य सदस्यों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और देशहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

मेहनत से कमाओ, नशे में न उड़ाओ' - बोले थाना प्रभारी कामेश धूमकेती

पुलिस के 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत, उकवा। समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत नवागत थाना प्रभारी रूपझर कामेश धूमकेती बुधवार को उकवा खान पहुंचे। उनका उद्देश्य सिर्फ औपचारिक बैठक करना नहीं था, बल्कि धरातल पर जाकर उन लोगों से संवाद करना था जो दिन-रात मेहनत कर देश की रीढ़ बनते हैं।

खान परिसर पहुंचते ही श्री धूमकेती ने सबसे पहले मजदूरों के बीच जाकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने मजदूरों से उनके काम, वेतन, परिवार और रोजमर्रा की दिक्कतों के बारे में पूछा। कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अंडर ग्राउंड और आउटडोर दोनों जगह काम करने की प्रक्रिया को बारीकी से समझा।

इस दौरान उन्होंने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए बाहर काम कर रहे मजदूरों के साथ कुछ समय के लिए फावड़ा भी पकड़ा और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। थाना प्रभारी को अपने बीच पाकर मजदूर भी उत्साहित हो गए।

धुर्वे शिक्षक दंपति की मृत्यु के 15 दिन बाद भी पुलिस को नहीं मिली सफलता

नवभारत, लामता। जिले के लामता अंतर्गत चांगोंटोला से लगे पुलिस थाना उगली में आज से लगभग 15 दिन पूर्व उगली निवासी एक शिक्षक दंपति के शव उनके ही घर में जली हुई अवस्था में पुलिस को प्राप्त हुये थे ।

जिसके आधार पर यह दुर्घटना है, या हत्या है,,इन कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस थाना उगली, पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में सतत जांच कर रही है, विगत दो दिवस पूर्व अनुविभागीय अधिकारी आशीष भराडे से क्षेत्रीय पत्रकारों ने जब इस मामले पर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना लग रही थी, लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद यह दुर्घटना नहीं है, बल्कि हत्या कर शिक्षक दंपति को आग लगाया गया था, जिस प्रकार से अज्ञात पर मामला दर्ज करके हत्यारों का पता लगाने की कोशिश जारी है, सोशल मीडिया में या उगली क्षेत्र के अंतर्गत इस दोहरे हत्याकांड की सनसनीखेज मामले को लेकर दहशत का माहौल व्याप्त है, लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं ।

आज 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को किसी भी प्रकार की सफलता नहीं मिली है, शिक्षक समन सिंह धुर्वे, पत्नी मालती धुर्वे के शव अधजली अवस्था में पुलिस ने बरामद करने के बाद फॉरेंसिक जांच के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, डाक स्क्वाड,फिंगरप्रिंट और अन्य आधुनिक वैज्ञानिक साक्ष्यों के द्वारा घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास पुलिस के द्वारा किया जा रहा है, उगली पुलिस के साथ संयुक्त रूप से केवलारी टी आई,कान्हीवाड़ा टी आई, बरघाट टी आई,निकट जिले बालाघाट चांगूटोला से और सिवनी, बालाघाट पुलिस अधीक्षक इस केस की गुत्थी सुलझाने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं, लेकिन किसी भी प्रकार की सफलताएं नहीं मिल रही है ।

जनपद पंचायत लांजी में रोजगार मेले का आयोजन

132 युवाओं ने कराया पंजीयन 75 का हुआ चयन

नवभारत, लांजी। जनपद पंचायत लांजी के आजीविका कार्यालय सभागार में गुरुवार 23 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कैप्सटन सर्विस लिमिटेड, हैदराबाद के प्रतिनिधि शैलेन्द्र हरिद्रवार एवं के.डी. सोनकिया ने उपस्थित बेरोजगार युवक-युवतियों को कंपनी की चयन प्रक्रिया, वेतन, अवकाश एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

रोजगार मेले के आयोजन से पूर्व ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारियों द्वारा समस्त ग्रामों में गठित स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संगठनों के माध्यम से युवक-युवतियों तथा उनके परिजनों को रोजगार मेले की सूचना देकर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की गई। रोजगार मेले में कुल 132 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 75 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित युवाओं ने रोजगार का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह आयोजन जिला परियोजना प्रबंधक स्वाति महतो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्रामीण आजीविका मिशन, जनपद पंचायत लांजी से सुनीता चन्ने एवं अतीत फुलमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

नवभारत कटंगी 23 जुलाई। मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत विकासखंड कटंगी स्थित राजाभोज शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को 'एक पेड़ माँ के नाम 'अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार पीएल सांडिल्य, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम, अवलेश पारधी, प्रो. कुसुमलता उइके सहित महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

धरती को हरा-भरा बनाने की महत्वपूर्ण पहल : पारधी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवलेश पारधी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की मांग है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और लगाए गए पौधों को संरक्षित रखने का आग्रह किया। वक्ताओं ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान मातृत्व के सम्मान के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधारोपण के बाद सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

सीसीटवी कैमरे में कैद हुआ चोर, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत कटंगी 23 जुलाई। खैरलांजी तहसील के तिरोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम मिरगपुर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चोरों ने तीन ज्वेलर्स की दुकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार 22 जुलाई सुबह 8 बजे करीब ग्रामीणों ने दुकानों के टूटे ताले और खुले शटर देखकर संचालकों को सूचना दी। दुकान पहुंचने पर लक्ष्मी ज्वेलर्स, गौरव ज्वेलर्स और आर्ष ज्वेलर्स में चोरी का पता चला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी ज्वेलर्स और गौरव ज्वेलर्स से सोने-चांदी के

आभूषण व नगदी चोरी हुई है, जबकि आर्ष ज्वेलर्स से मरम्मत के लिए रखे कुछ पुराने आभूषण चोरी हुए हैं।

वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद

एक अन्य दुकान का ताला तोड़ा गया, लेकिन वहां चोरी नहीं हो सकी। घटना की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही तिरोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस गश्त पर उठे सवाल

ग्राम पंचायत मिरगपुर के सरपंच दीपक देशमुख ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त पर सवाल उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो व्यापारी उग्र आंदोलन करेंगे। तिरोड़ी थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

नशे से दूरी है जरूरी : युवाओं को मिला पुलिस प्रशासन का प्रेरक मार्गदर्शन

नवभारत, बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े (बालक इकाई) एवं डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे (बालिका इकाई) के नेतृत्व में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बालाघाट पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत - नशे से दूरी है जरूरी' अभियान 2.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के वर्चुअल हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय एवं डीएसपी सुश्री प्रतीक्षा राठौर सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। डीएसपी सुश्री प्रतीक्षा राठौर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य और समाज दोनों के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने साथियों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय ने अत्यंत व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार व्यक्ति धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में फंसता है और अपराध की ओर बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआत आत्ममंथन, आत्मनियंत्रण और सकारात्मक जीवन दृष्टि से होती है। उन्होंने जिले में 15 से 31 जुलाई तक संचालित नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविका प्रगति बोकाडे ने नशा मुक्ति विषय पर ओजस्वी कविता प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया।

48 घंटे में 3 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

तिरोड़ी थाना पुलिस की बड़ी सफलता

कटंगी। नवभारत 23 जुलाई। तिरोड़ी थाना पुलिस ने दो दिवस के भीतर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी पिछले 8 साल से फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी विजय राजपूत के नेतृत्व में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में एक आरोपी न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के बाद पिछले 8 वर्षों से फरार था और लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। आरोपी तुनूराम को गिरफ्तार किया गया।

अभियान लगातार जारी रहेगा : राजपूत

थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि गिरफ्तार तीनों वारंटियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए फरार आरोपियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।